dc pess november 2026:Layout 1 29-10-2026 13:32 Page 1

निष्पक्ष, निर्भीक, स्वतंत्र विचार व अपराध निरोधक मुख्य हिन्दी राष्ट्रीय समाचार पत्र

दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा

DELHI CRIME WA BHRASHTACHAR VIRODHI MORCHA

www.delhicrimepress.com
info@delhicrimepress.com

RNI No. DELHIN/2005/15378 DCP Lic. No. F-2(D-9)PRESS/2005 वर्ष-22 01 नवम्बर 2026 से 30 नवम्बर 2026 अंक-21 एवं 22 पृष्ठ-8 मूल्य-10रू

पंजाब सरकार अपराधियों को दे रही संरक्षणः भाजपा

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पंजाब की आम आदमी पार्टी (आआपा) सरकार पर अपराधियों पर कार्रवाई के बजाए उनको संरक्षण देने का आरोप लगाया है। भाजपा ने कहा कि राज्य में हत्या, नशे और आत्महत्या की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। राज्य की जनता भी खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि पंजाब में गुंडाराज और जंगलराज जैसी स्थिति बन गई है। उन्होंने मोगा में दिनदहाड़े दो युवाओं की हत्या की घटना का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान की चुप्पी पर भी सवाल उठाए। भाटिया ने कहा कि मोगा में हथियारों से लैस हमलावर बिना नंबर प्लेट वाली काली स्कॉर्पियो से पहुंचे और दो युवाओं पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं। इस घटना में दोनों युवाओं की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए। उन्होंने कहा कि राज्य में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे दिनदहाड़े गोलीबारी और हत्याओं को अंजाम दे रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि पंजाब में लगातार हो रही आपराधिक घटनाएं राज्य की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। उन्होंने पूछा कि मोगा की घटना में एफआईआर दर्ज हुई या नहीं, किन धाराओं में मामला दर्ज किया गया और अब तक कितने आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने सवाल किया कि मुख्यमंत्री भगवंत मान ने घटना को लेकर क्या कदम उठाए हैं। भाटिया ने आरोप लगाया कि जब पंजाब की जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने की जिम्मेदारी निभाने का समय आता है, तब मुख्यमंत्री जवाब देने से बचते हैं।

मुख्यमंत्री ने सूर घाट का किया निरीक्षण, छठ से पहले सभी कार्य पूरे करने के दिए निर्देश

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सूर घाट पर छठ महापर्व की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने घाट परिसर की व्यापक साफ-सफाई, जरूरी स्थानों पर मरम्मत और रंग-रोगन कर उसे स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्षों से खराब पड़े हिस्सों को अस्थायी रूप से ठीक करने के बजाय उनकी समुचित मरम्मत की जाए। इस अवसर पर दिल्ली के पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने जर्जर गेट, जंग लगे ढांचे, मरम्मत की जरूरत वाले हिस्सों, साफ-सफाई आदि को तुरंत दुरुस्त करने के निर्देश दिए और चेतावनी दी कि इस मामले में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रकाश व्यवस्था का जायजा लेते हुए मुख्यमंत्री ने घाट के दोनों ओर पर्याप्त रोशनी सुनिश्चित करने और सभी लाइटों की जांच कर उन्हें दुरुस्त करने के निर्देश दिए। पानी की व्यवस्था में



कमियां मिलने पर उन्होंने अधिकारियों से जवाब मांगा और पानी के कनेक्शन की जांच कर श्रद्धालुओं के लिए नहाने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। शौचालयों और अन्य बुनियादी सुविधाओं की बदहाल पर उन्होंने तत्काल साफ-सफाई, मरम्मत तथा समुचित रखरखाव के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल योजना बनाना पर्याप्त नहीं है, सभी सुविधाएं वास्तव में चालू और उपयोग के योग्य होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने मौके पर चल रहे कार्यों और उनकी समयसीमा की जानकारी ली। स्पष्ट कार्य योजना के अभाव और कमियों को दूर करने के लिए उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से प्रत्येक लंबित कार्य तय समयसीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व के दिन तक इंतजार करने के बजाय सभी व्यवस्थाएं पहले से दुरुस्त होनी चाहिए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने साफ-सफाई, मरम्मत, रंग-रोगन, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा और श्रद्धालुओं की सुविधाओं से जुड़े सभी कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता पर पूरे करने को कहा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि तैयारियों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि छठ महापर्व दिल्ली में बसे पूर्वांचल के लाखों परिवारों की आस्था, भावनाओं और अपनी मिट्टी से जुड़े संस्कारों का उत्सव है। हर व्रती को स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है। हर व्रती की श्रद्धा का सम्मान और हर परिवार की सुविधा का ध्यान रखते हुए सरकार छठ महापर्व की तैयारियों में जुटी है।

ग्लोबल कैथोलिक कांग्रेस ने 'बाल विवाह मुक्त विश्व' अभियान का किया समर्थन

नई दिल्ली। ग्लोबल कैथोलिक कांग्रेस ने 'बाल विवाह मुक्त विश्व' अभियान का समर्थन किया है। इसमें 44 देशों के ईसाई धर्म के प्रमुख धर्मगुरु शामिल रहे। सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों ने अपने-अपने समुदायों में बाल विवाह के खिलाफ लड़ाई लड़ने की शपथ भी ली। बाल अधिकार संरक्षण के लिए काम करने वाले नागरिक समाज संगठन जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) ने वर्ष 2030 तक बाल विवाह को खत्म करने के लक्ष्य के साथ यह वैश्विक अभियान शुरू किया है। इटली की राजधानी रोम में आयोजित इस शिखर सम्मेलन में भारत, अमेरिका, कनाडा, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर, मध्य पूर्व और यूरोप समेत दुनिया के विभिन्न हिस्सों से वरिष्ठ कैथोलिक पादरियों, आर्चबिशप, बिशप और अन्य प्रमुख धर्मगुरु शामिल हुए। उनका यह समर्थन समाज में लोगों का मार्गदर्शन करने और प्रचलित कुप्रथाओं को चुनौती देने में धर्मगुरुओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। ग्लोबल कैथोलिक कांग्रेस धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक और आर्थिक क्षेत्रों में कैथोलिक समुदाय के नागरिक और मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए काम करती है। ग्लोबल कैथोलिक कांग्रेस के अध्यक्ष राजीव कोचुपरम्बिल ने कहा, हर बच्चा गरिमा, शिक्षा, सुरक्षा और उम्मीद से भरा बचपन पाने का हकदार है। बाल विवाह खत्म करना हम सबकी सामूहिक नैतिक जिम्मेदारी है। इसके लिए परिवारों, समुदायों और धार्मिक संस्थाओं को एकजुट होकर खड़ा होना होगा। 44 देशों में ग्लोबल कैथोलिक कांग्रेस के सदस्यों का यह समर्थन बच्चों के संरक्षण और ऐसी दुनिया बनाने के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता को दशार्ता है, जहां किसी भी बच्चे से विवाह के नाम पर उसका बचपन न छीना जाए। अब हमें इस प्रतिबद्धता को ठोस कार्रवाई में बदलना होगा और वर्ष 2030 तक बाल विवाह मुक्त विश्व बनाने के लिए मिलकर काम करना होगा। इस वर्ष 27 नवंबर को पहली बार बाल विवाह, कम उम्र और जबरन विवाह के उन्मूलन के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया जाएगा।



dc pess november 2026:Layout 1 29-10-2026 13:32 Page 2

एल्युमीनियम से EV 20% हल्की बैटरी 15% छोटी हो सकती है: स्टडी में दावा

जर्मनी में पेश हुई Stellantis-Alumobility की रिपोर्ट, STLA मीडियम प्लेटफॉर्म पर किया गया अध्ययन बाड नौहेम

(जर्मनी)। इलेक्ट्रिक वाहनों को हल्का और किफायती बनाने में एल्युमीनियम-आधारित डिजाइन अहम भूमिका निभा सकती है। Stellantisऔर Alumobility की संयुक्त स्टडी में दावा किया गया है कि इस तकनीक से गाड़ी का कुल वजन 20 फीसदी तक कम किया जा सकता है, जबकि समान रेंज के लिए 15 फीसदी छोटी बैटरी पर्याप्त होगी। यह रिपोर्ट 22 अक्टूबर को Euro-CarBody 2026 सम्मेलन में पेश की गई। अध्ययन के लिए Stellantis के STLA मीडियम प्लेटफॉर्म को आधार बनाया गया। इसमें स्टील के पुर्जों को सीधे बदलने के बजाय पूरी संरचना में एल्युमीनियम के इस्तेमाल पर जोर दिया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, बॉडी-इन-व्हाइट का वजन 652 किलोग्राम से घटकर 405 किलोग्राम रह गया, जो 41 फीसदी की कमी है। इस शुरूआती कटौती का असर अन्य प्रणालियों पर भी पड़ा, जिससे वाहन का



कुल वजन 2,103 किलोग्राम से घटकर 1,682 किलोग्राम हो गया। कुल 421 किलोग्राम वजन कम हुआ। वजन घटने से ऊर्जा खपत भी 140 Wh/km से घटकर 122 Wh/km पर आ गई। अध्ययन में बैटरी क्षमता में 15 फीसदी तक कटौती की संभावना जताई गई है, जिससे लागत और कार्बन उत्सर्जन में कमी आ सकती है। हालांकि, कंपनी ने स्पष्ट किया है कि यह व्यावसायिक उत्पादन में अभी सिद्ध नहीं हुआ है। Stellantis के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट (बॉडी, सेफ्टी एंड क्वालिटी) क्रिस्टोफ पातोइस ने कहा, "लाइटवेटिंग का सबसे बड़ा लाभ सिर्फ बॉडी से वजन कम करना नहीं है, बल्कि इससे बैटरी से लेकर चेसिस और सस्पेंशन तक पूरे वाहन को ऑप्टिमाइज करने में मदद मिलती है।"पुर्जों की संख्या में 27 फीसदी की कमी अध्ययन में एल्युमीनियम शीट, कास्टिंग और एक्सट्रूजन के साथ पार्ट इंटीग्रेशन की रणनीति अपनाई गई। इससे बॉडी-इन-व्हाइट के पुर्जों की संख्या में 27 फीसदी की कमी आई, जबकि बैटरी एनक्लोजर 53 पुर्जों से घटकर 29 पर आ गया। लाइटवेट इंडेक्स 2.2 से घटकर 1.4 हो गया, जो 36 फीसदी सुधार है। Alumobility के टेक्निकल डायरेक्टर मार्क व्हाइट ने कहा कि डिजाइन के शुरूआती चरण में ही एल्युमीनियम पर विचार करने से पूरे सिस्टम को लाभ मिलता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि क्रैश टारगेट पूरे हुए, जबकि टॉर्सनल स्टिफनेस और ठश्ल्ल परफॉर्मेंस प्रतिस्पर्धी बनी रही। हालांकि, यह एक सैद्धांतिक अध्ययन है और प्रोडक्शन लागत या खुदरा कीमत में कटौती को लेकर कोई दावा नहीं करता।

केरल की 85 वर्षीय इंदिरा अम्मा ने जिंदा रखी है प्राचीन शिक्षा परंपरा



तिरुवनंतपुरम: केरल में 85 साल की इंदिरा अम्मा बीते 10 सालों से बच्चों को एक अनोखे अंदाज में पढ़ा रही हैं। न कॉपी है, न पेंसिल - सिर्फ रेत है और सीखने की खुशी। इंदिरा अम्मा 'आशान कलरी' के जरिए बच्चों को मलयालम, हिंदी, अंग्रेजी और गणित पढ़ाती हैं।आशान कलरी केरल की सदियों पुरानी पारंपरिक शिक्षा पद्धति है, जिसमें बच्चे रेत पर उंगलियों से लिखकर सीखते हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, इंदिरा अम्मा ने इस उम्र में भी शिक्षा के प्रति अपने जुनून को कम नहीं होने दिया है। उनका मानना है कि सीखना किताबों तक सीमित नहीं होना चाहिए। उनके इस प्रयास से न सिर्फ बच्चे भाषाएं और गणित सीख रहे हैं, बल्कि केरल की इस लुप्त होती सांस्कृतिक विरासत को भी नया जीवन मिल रहा है।

मेरठ में छात्राओं के लिए 'प्रिडेटरी लव ट्रैप' पर जागरूकता अभियान, 130 छात्राओं को दी गई ट्रेनिंग

मेरठ: शोषण और धर्मांतरण के उद्देश्य से रचे जाने वाले प्रिडेटरी लव ट्रैप से बचाव के लिए मेरठ में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुक्रवार को 130 कॉलेज छात्राओं को ऐसे ट्रैप को पहचानने, उसका प्रतिरोध करने और रिपोर्ट करने की ट्रेनिंग दी गई। जमीनी स्तर पर इस कार्यक्रम का संचालन ठी Net-work for Justice द्वारा किया जा रहा है। संस्था के अनुसार, यह भारत में अपनी तरह की पहली पहल है जो सीधे कॉलेज कैंपस में जाकर छात्राओं को जागरूक कर रही है। इससे पहले भोपाल में इस अभियान के तहत 10,000 से अधिक



छात्राओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है। मेरठ में अब इससे भी बड़े पैमाने पर अभियान चलाने का लक्ष्य है।आयोजकों ने बताया कि वर्कप्लेस, कोचिंग सेंटर और जिम के साथ-साथ अब कॉलेज भी तेजी से ऐसे ट्रैप के केंद्र बन रहे हैं। ऐसे में हर छात्रा तक सही जानकारी पहुंचाना बेहद जरूरी है। यह कार्यक्रम 2025 में सामने आए भोपाल कॉलेज रेप-ब्लैकमेल-कन्वर्जन कांड में हस्तक्षेप करने वाले प्रियंक कानूनगो से प्रेरणा लेकर शुरू किया गया हैयह पहल सेवा न्याय (Sewa Nyaya) द्वारा चलाई जा रही है।

DRDO के स्वदेशी Arudhra AESA अएरअ रडार ने सिमुलेशन में F-35 जैसे स्टेल्थ टारगेट को किया ट्रैक

नई दिल्ली: भारतीय वायुसेना के एयर डिफेंस ग्रिड के लिए एक बड़ी उपलब्धि सामने आई है। DRDO और BEL द्वारा विकसित Arudhra 4D AESA रडार ने AI रडार ने अक-असिस्टेड सिमुलेशन के दौरान F-35 जैसे स्टेल्थ फाइटर को सफलतापूर्वक ट्रैक किया है। DRDO के अनुसार, यह लाइव टेस्ट नहीं, बल्कि कंप्यूटर-आधारित सिमुलेशन था, जिसमें IACCS नेटवर्क के साथ रडार की लो-ऑब्जर्वेबल टारगेट के खिलाफ क्षमता को परखा गया। Arudhr रडार की खूबियां: इसे DRDO की LRDE लैब ने डिजाइन किया है और भारत



इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL) इसका उत्पादन करती है। यह S-बैंड का रोटेटिंग एक्टिव फेज्ड-ऐरे 4D रडार है। इसकी इंस्ट्रूमेंटेड रेंज 400 किलोमीटर है और यह 2 वर्ग मीटर RCS वाले टारगेट को 300 किलोमीटर दूर से पकड़ सकता है। यह 100 मीटर से लेकर 30 किलोमीटर की ऊंचाई तक निगरानी करने में सक्षम है और 360 डिग्री में घूमकर निगरानी करता है। इसे भारत के इंटीग्रेटेड एयर कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम (IACCS) से जोड़ा गया है, जो कई रडारों के डेटा को मिलाकर दुश्मन की पूरी तस्वीर एक साथ प्रस्तुत करता है। क्यों अहम है यह टेस्ट: F-35 की RCS 0.001 से 0.005 वर्ग मीटर मानी जाती है, जो सामान्य र-डारों के लिए पकड़ना बेहद मु-श्कल है। इस सिमुलेशन से यह समझने में मदद मिली है कि Arudhraजैसी स्वदेशी प्रणाली भविष्य में स्टेल्थ खतरों को समय रहते कैसे पहचान सकती है।

dc pess november 2026:Layout 1 29-10-2026 13:32 Page 3

सम्पादकीय, नरेंद्र कुमार

आर्थिक मोर्चे पर विकास के सकारात्मक संकेत

विपरीत वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद दुनिया भर की रेटिंग संस्थाओं ने भारतीय अर्थव्यवस्था को गतिमान स्वीकार करते हुए वैश्विक औसत से लगभग दो गुणी विकास दर रहने की संभावना जताई है। यह इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है कि वैश्विक परिस्थितियों में कहीं और किसी तरह का सुधार नहीं दिखाई दे रहा है। ईरान-अमेरिका युद्ध हो या रूस-यूक्रेन युद्ध हो या अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के तानाशाही पूर्ण तुगलकी निर्णय हो या कच्चे तेल के भावों में बेतहाशा बढ़ोतरी और हार्मुज का संकट हालात समूचे विश्व में विकट से विकटतर बने हुए हैं। अब तो फ्रांस के हालात भी बिगड़ते जा रहे हैं तो उसका असर जहां यूरोप में दिखाई देगा वहीं भारत में भी हालात को प्रभावित करने के कतिपय प्रयास जारी है। अच्छी बात यह है कि देश-दुनिया के गंभीर हालातों के बावजूद आर्थिक क्षेत्र की दुनिया की लगभग सभी रेटिंग संस्थाओं ने इंडियन इकोनोमी की ग्रोथ रेट को लेकर आशा से भी अधिक विश्वास जताया है। रेटिंग संस्थाओं की ही मानें तो 2026 की वैश्विक औसत आर्थिक विकास दर 3 दशमलव 1 फीसदी रहने की संभावना व्यक्त की जा रही है वहीं, दुनिया की रेटिंग संस्थाओं ने भारत के आर्थिक परिणामों को देखते हुए जुलाई की तुलना में अक्टूबर आते-आते ग्रोथ को 6 दशमलव 9 से लेकर 7 दशमलव 1 रहने की उम्मीद जताई है। खास बात यह है कि विश्व रेटिंग संस्थाओं में से किसी भी संस्था ने जुलाई की रेटिंग की तुलना में नकारात्मक ग्रोथ नहीं दिखा कर ग्रोथ रेट में इजाफा ही जाहिर किया है। दरअसल, देश में मांग और आपूर्ति से लेकर निर्यात तक में लगातार विकास देखा जा रहा है। देश में मांग और आपूर्ति की बेहतर हालात है तो निर्यात में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। यह भी तब जब वैश्विक मांग कमजोर देखी जा रही है। भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए सबसे सकारात्मक बात यह है कि एमएसएमई सेक्टर में लगातार अच्छा काम हो रहा है तो दूसरी और सर्विस सेक्टर में तो एक तरह से लगातार उछाल आ रहा है। कच्चे तेल के भावों में तो जैसे आग ही लग रही है और उपलब्धता को लेकर भी लाख झंझट के बावजूद इकोनोमी को बूस्टअप रखने में खास बाधा नहीं आ रही है। देसी-विदेशी निवेश में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। महंगाई के बावजूद बाजार में मांग बरकरार है। बाजार में मांग से साफ है कि लोगों की क्रय शक्ति बनी हुई है। सर्विस सेक्टर में टूरिज्म, बैंकिंग, आईटी, और इसी तरह के अन्य क्षेत्र उल्लेखनीय परिणाम दे रहे हैं। नवंबर में दीपावली के त्यौहार के चलते बाजार और अधिक गतिशील हो जाएगा क्योंकि दीपावली पर बाजार में तेजी आती ही आती है। जानकारों की

हापुड़: 'जनवाणी' के पत्रकार नसीम सिद्दीकी पर जानलेवा हमला, इलाज के दौरान मौत...!



हापुड़ में 'जनवाणी' अखबार से जुड़े पत्रकार नसीम सिद्दीकी की हमले में गंभीर रूप से घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। दिवाली विज्ञापन के विवाद को लेकर 8 से 10 लोगों द्वारा इस वारदात को अंजाम देने का मामला सामने आया है। घटना के चश्मदीद सलाहुद्दीन ने अपने बयान में पूरी घटना सिलसिले बाद तरीके से बताई की वो दोनों दिवाली के विज्ञापन (ऐड) के सिलसिले में एक व्यापारी के पास गए थे। हमारी टीम में दो महिलाओं समेत कुल पांच लोग थे, जबकि नसीम सिद्दीकी साहब और ड्राइवर कार में ही बैठे हुए थे। ड्रव्यापारी ने हमें 'फर्जी' बताते हुए विज्ञापन देने से इनकार कर दिया। जब हम वापस लौटने लगे, तो 8 से 10 लोगों ने अचानक हमला कर दिया और मारपीट शुरू कर दी। हमलावरों ने मेरे चेहरे पर लात-घूंसों से वार किया, जिससे मुझे चोटें आईं। वहीं, नसीम सिद्दीकी साहब को इतनी बुरी तरह पीटा गया कि इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

संवाददाता सुहैल अहमद दिल्ली

हर्ष विहार में जानलेवा हमले का खुलासा, पिता-पुत्र गिरफ्तार

₹3,500 के विवाद में MCD कर्मचारी पर हमला, पुलिस ने दो घंटे में दबोचे आरोपी...!



उत्तर-पूर्वी दिल्ली के हर्ष विहार में धारदार हथियार से जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने 54 वर्षीय प्रताप सिंह और उसके 26 वर्षीय बेटे आशीष को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, एफआईआर दर्ज होने के करीब दो घंटे के भीतर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया गया। ₹3,500 बने विवाद की वजह जांच के अनुसार, MCD कर्मचारी आशीष पर हमले के पीछे ₹3,500 के लेनदेन का विवाद था। आरोप है कि प्रताप सिंह ने अपने बेटे राहुल को MCD में नौकरी दिलाने के सिलसिले में सोनू सागर को रकम दी थी। पैसे वापस मांगने पर विवाद बढ़ गया और धारदार हथियार से हमला किया गया। पुलिस ने CCTV फुटेज, खुफिया जानकारी और तकनीकी निगरानी के आधार पर कार्रवाई की। टीम का नेतृत्व SHO तेज दत्त गौड़ ने किया। कार्रवाई में रक दीपांशु, अरकआशीष और हेड कांस्टेबल रोहित, अंकित, राहुल मलिक व शरद शामिल रहे। अउढ गौरव कुमार त्रिपाठी की निगरानी में जांच जारी है।

संवाददाता सुहैल अहमद दिल्ली

नीला ड्रम हत्याकांड के आरोपी मुस्कान और साहिल को फांसी की सजा...!



मेरठ के बहुचर्चित नीला ड्रम हत्याकांड में जिला अदालत ने बुधवार, 14 अक्टूबर 2026 को बड़ा फैसला सुनाते हुए मुस्कान रस्तोगी और साहिल शुक्ला को मौत की सजा सुनाई। दोनों को सौरभ राजपूत की हत्या और शव को छिपाने के मामले में दोषी ठहराया गया था। अभियोजन के मुताबिक, मार्च 2025 में सौरभ की हत्या के बाद उसके शव के टुकड़े किए गए और उन्हें नीले ड्रम में डालकर सीमेंट से बंद कर दिया गया था। करीब 13 महीने चली सुनवाई में 126 तारीखों पर सुनवाई हुई और 22 गवाहों के बयान दर्ज किए गए। 30 सितंबर को अदालत ने दोनों को दोषी करार दिया था। आज सजा सुनाते हुए अदालत ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए दोनों को मृत्युदंड दिया। फैसले के बाद सौरभ के परिवार ने इसे न्याय की जीत बताया।

संवाददाता सुहैल अहमद दिल्ली



भवरजीत पुत्र प्रेमचंद्र, ग्राम पंचायत बड़डीहा, प्रयागराज

इलेक्ट्रॉनिक काटे से करंट लगने से दुखद निधन

प्रयागराज में कोटेदार के बेटे भवरजीत की दर्दनाक मौत, सस्ता गल्ला परिषद ने मांगा 10 लाख रुपये मुआवजा; प्रदेशभर के कांटों की जांच कराने की उठाई मांग


रिपोर्टर -लव कुमार

मेरठ पुलिस को मिली बड़ी सफलता चार शातिर चोर गिरफ्तार



मेरठ पुलिस ने वाहन चोरी की घटनाओं का सफल खुलासा करते हुए तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की 8 मोटरसाइकिल, 1 अन्य मोटरसाइकिल तथा 1 स्कूटी सहित कुल 10 वाहन बरामद किए हैं। बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर थाना सदर बाजार में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पूछताछ में मुख्य आरोपी राहुल कुमार ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर शहर के विभिन्न क्षेत्रों से मोटरसाइ-किल चोरी करता था। चोरी के वाहनों को कैंट क्षेत्र में आर्मी के पुराने खंडहरों में छिपाकर रखा जाता था और मौका मिलने पर उन्हें या उनके पार्ट्स बेचकर आपस में रुपये बांट लिए जाते थे। गिरफ्तार आरोपियों में राहुल कुमार निवासी पांचली बुजुर्ग (सरूरपुर), विजय सक्सेना निवासी बहसूमा तथा विजय कुमार निवासी जेल चुंगी, यूनिवर्सिटी रोड, मेरठ शामिल हैं। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों और उनके आपराधिक नेटवर्क के संबंध में भी जांच कर रही है **रिपोर्टर शाहिद हसन (मेरठ)**

Helpline No. 7982654944



ABHISHEK KUMAR
DELHI STATE HEAD

DELHI CRIME
WA
BHRASHTACHAR VIRODHI MORCHA NATIONAL NGO
भ्रष्टाचार के खिलाफ सबसे बुलंद आवाज़
NITII AAYOG DARPAN REGN. NO. DL/2020/0260865 REGN. NO. S/RS/DW(SW)/1646/2019
C-1/511, NEW YADAV ENCLAVE, PREM NAGAR-3, NEAR CHAUDHARY BALDEV SINGH MODEL SCHOOL,DELHI-110086

dc pess november 2026:Layout 1 29-10-2026 13:32 Page 4



दिल्ली क्राइम के गोविंन्द् पूरी ऑफिस मे टीम लीडर मोहमद सागीर जी, रुखसाना जी, नाहिद जी चंडीगढ़ टीम की लीडर मधु जी अपने साथी आस मोहम्मद जी, और धन राज जी के साथ मीटिंग करते हुए



दिल्ली क्राइम की टीम फील्ड और ऑफिस मे अपनें अपने टीम लीडर को प्लान और सिस्टम की जानकारी देते हुए



दिल्ली क्राइम के लीडर अपने अपने अप लाइन से सीखकर अपनी डाउन लाइन को सिखा कर लीडर और अचीवर बना रहे है



मुजफ्फरनगर दिल्ली क्राइम नेशनल हिंदी न्यूज पेपर के जिला कार्यालय पर आज टीम लीडर सत्येंद्र सैनी द्वारा न्यूज सपोर्टर व दिल्ली क्राइम प्रेस के कार्यकताओं की बैठक का आयोजन हुआ,इस अवसर पर न्यूज सपोर्टर रवि शंकर सैनी, राजेंद्र कुमार, सोहनवीर अपनी न्यू टीम के साथ उपस्थित रहे



दिल्ली क्राइम प्रेस ओखला से जोनल एडवाइजर एस.के.हसन के द्वारा टीम सदस्य फिरोज खान,आबिद और हफीज से शिष्टाचार मुलाकात की और उनको स्वागत किट और अखबार देकर सम्मनित किया



बिहार पश्चिमी चंपारण के बगहा में दिल्ली क्राइम प्रेस के टीम नागेन्द्र काजी (मीडिया एसोसिएट) राजेश यादव, अनूप कुमार जायसवाल (प्रेस रिपोर्टर बगहा), हरिंद्र शर्मा (प्रेस रिपोर्टर दोन),आर एन सिंह (सीनियर),एम डी मूतुर्जा अंसारी, ने बगहा में पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार जी को दिल्ली क्राइम प्रेस का अखबार देते हुए शिष्टाचार मुलाकात



राजस्थान के जिला बारां में नए कार्यकर्ता नवीन वैष्णव को दिल्ली क्राइम प्रेस का फ्लैग व समाचार पत्र देते क्षेत्रीय सलाहकार प्रमोद सुमन व न्यूज एसोसिएट अजीत सिंह



बिहार पश्चिमी चंपारण के लौकरिया थाना में दिल्ली क्राइम प्रेस टीम के नागेन्द्र काजी,अनूप कुमार जायसवाल, हरिंद्र शर्मा, आर एन सिंह द्वारा थाना प्रभारी रमन कुमार को दिल्ली क्राइम प्रेस का अखबार देते हुए शिष्टाचार मुलाकात की



उ.प्र.कुशीनगर पड़रौना में दिल्ली क्राइम प्रेस टीम के चन्द्र प्रकाश सिंह,महमूद आलम,राज हुसैन,आर एन सिंह,सरीहुल मुस्तफा द्वारा पड़रौना महिला थाना के थाना प्रभारी चंदा यादव को दिल्ली क्राइम प्रेस का अखबार देते हुए शिष्टाचार मुलाकात की



आया नगर, दिल्ली की टीम ने ब्रांच आफिस गुरूग्राम में ली अपनी-अपनी किट



दिल्ली क्राइम की शानदार टीम लीडर मीनू अपनी नई और पुरानी टीम के साथ उत्तर प्रदेश के बदायूं और पर्यागराज मे मीटिंग को अंजाम देते हुए



चंडीगढ़, पंजाब व फरीदाबाद टीम का गुरूग्राम ब्रांच आफिस में भव्य स्वागत



दिल्ली क्राइम के पुराने और नये शानदार जबरदस्त लीडर के साथ उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ मे राज कुमार कश्यप दोबारा शुरूआत की पहली मीटिंग को करते हुए

dc pess november 2026:Layout 1 29-10-2026 13:32 Page 5



राष्ट्रीय लोकदल (RLD) के महानगर उपाध्यक्ष मेरठ फिरोज सिद्दीकी को "दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा" राष्ट्रीय समाचार पत्र देते हुए न्यूज सपोर्टर मोहम्मद यूनुस सैफी



दिल्ली क्राइम की ग्रेट लीडर नीलम गुप्ता अपनी टीम में मीनाक्षी कौर का स्वागत कराते हुए साथ में टीम सदस्य नेहा शर्मा



जानसठ CO ऋषिका सिंह को सम्मानित करते हुए जनपद के वरिष्ठ पत्रकार बंधु



राजस्थान के जिला बारां में "दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा" (प्रेस) के एरिया एडवाइजर प्रमोद सुमन प्रतिष्ठित डॉक्टर कोमल योगी को समाचार पत्र की प्रति भेंट करते हुए।



नई मंडी चौकी प्रभारी आयुष त्यागी अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन करते हुए पुलिसिंग की बेहतर मिसाल पेश कर रहे




जनपद सहारनपुर के नुमाइश कैंप चौकी प्रभारी श्वेता शर्मा और साथ में उप निरीक्षक नितेश चौधरी व विकास कुमार को दिल्ली क्राइम नेशनल हिंदी न्यूज पेपर की कॉपी देकर सम्मानित करते हुए,दिल्ली क्राइम नेशनल न्यूज पेपर से न्यूज सपोर्टर जितेंद्र राठी भोपा,जोनल एडवाइजर सत्येंद्र सैनी , सहारनपुर पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों ने दिल्ली क्राइम नेशनल हिंदी न्यूज पेपर की सरहाना करते हुए



हम अपने अधिकारों के प्रति तो जागरूक हैं, लेकिन कर्तव्यों के प्रति उदासीन : यातायात प्रभारी राकेश कुमार



मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. चन्द्र प्रकाश को दिल्ली क्राइम प्रेस का अखबार देते हुए शिष्टाचार मुलाकात की



मुजफ्फरनगर महिला थाना प्रभारी की कमान अनुभवी प्रीति चहल के हाथों में



लोनी,गाजियाबाद जिले के अंतर्गत प्रताप नगर में प्रवेश कुमार के निवास स्थान पर एक छोटी सी मीटिंग का आयोजन किया गया।

मुजफ़्फरनगर उप निरीक्षक अरुण चाहर के निधन पर पुलिस परिवार गहरी संवेदना व्यक्त करता है



मुजफ्फरनगर आज शनिवार की रात्रि को थानाक्षेत्र जानसठ के अन्तर्गत एक सडक दुर्घटना में कार सवार के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची तथा घायल को उपचार हेतु सीएचसी जानसठ भर्ती कराया गया। घायल की पहचान थानाक्षेत्र सिविल लाईन की स्टेडियम चौकी प्रभारी उ0नि0 अरूण चाहर के रूप में हुई। दौराने उपचार उ0नि0 अरूण चाहर की दुःखद मृत्यु हो गयी। उ0नि0 अरूण चाहर कार्य सरकार से थानाक्षेत्र जानसठ में गये थे तथा वहां से थानाक्षेत्र सिविल लाईन वापस आ रहे थे। पुलिस अधीक्षक नगर अमृत जैन, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अक्षय संजय महाडीक तथा फील्ड यूनिट द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है तथा दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए विशेष जांच टीम का गठन किया गया है। मृतक के परिजनों को सूचित किया गया है तथा शव के पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया गया है, अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। उपनिरीक्षक श्री अरुण चाहर के असामयिक निधन से मुजफ्फरनगर पुलिस परिवार दिवंगत उपनिरीक्षक के प्रति भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है तथा शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता है।

रिपोर्टर सतेन्द्र सैनी

dc pess november 2026:Layout 1 29-10-2026 13:32 Page 6

हमारे नए अचीवर



हरविंदर
न्यूज सपोर्टर



देवेंद्र कुमार
न्यूज सपोर्टर



रेनू
न्यूज सपोर्टर



आफताब खान
न्यूज सपोर्टर



प्रमोद कुमार गोयल
न्यूज सपोर्टर



संजय गुप्ता
न्यूज सपोर्टर



गायत्री कश्यप
न्यूज सपोर्टर



रणजीत सिंह
न्यूज सपोर्टर



आस मोहम्मद
न्यूज सपोर्टर



महेशा सी
न्यूज सपोर्टर



ज्योतिष गिरि
न्यूज सपोर्टर




धन राज
न्यूज सपोर्टर



पूनम शर्मा
न्यूज सपोर्टर



प्रतिमा सिंह
एरिया एडवाइजर



रुखसाना परवीन
एरिया एडवाइजर



राम नरेश सिंह
एरिया एडवाइजर



नीलम गुप्ता
एरिया एडवाइजर



मोहम्मद सगीर अंसारी
जोनल एडवाइजर

सबलपुर बीतरा विकास मंच ने बच्ची के इलाज के लिए दी ₹5,100 की आर्थिक सहायता

नजीबाबाद (बिजनौर)। सामाजिक सेवा और मानवता की मिसाल पेश करते हुए सबलपुर बीतरा विकास मंच की ओर से सौफतपुर निवासी सना, पुत्री श्री इरशाद, के इलाज के लिए ड्ड5,100 की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। मंच का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों की सहायता करना और कठिन समय में उनके साथ खड़े रहना है। इसी उद्देश्य के तहत मंच ने बच्ची के इलाज में सहयोग के लिए यह राशि प्रदान की। मंच का मानना है कि समाज में आपसी सहयोग और संवेदनशीलता की भावना को मजबूत करना बेहद जरूरी है। सबलपुर बीतरा विकास मंच ने सना के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए कहा कि मंच भविष्य में भी यथासंभव जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए प्रयासरत रहेगा।संदेशः हमारा गाँव ङ्घ हमारी जिम्मेदारी। मानवता, सहयोग, सेवा और विकास ही मंच का संकल्प है।



अखिल फिटनेस बॉक्सिंग एन्ड स्पोर्ट्स फाउंडेशन के बच्चो ने किया नाम रोशन



2 से 3 अक्टूबर को सम्पन्न हुई, 4th Rising Star Boxing Championship में अखिल फिटनेस बॉक्सिंग एंड स्पोर्ट्स फाउंडेशन ने पूरे गुड़गाँव में पहला स्थान प्राप्त किया ! इस प्रतियोगिता में लगभग 250 मुक्केबाजों ने भाग लिया ! और इस प्रतियोगिता का शुभारंभ गुड़गाँव के विधायक मुकेश शर्मा ने किया ! पूरे गुड़गाँव में 19 गोल्ड मेडल जीत कर अखिल फिटनेस बॉक्सिंग एंड स्पोर्ट्स फाउंडेशन के मुक्केबाजों ने पहले स्थान हासिल किया ! इस प्रतियोगिता में प्रथम, निखिल, निकिता, कायरा, रुचि, युविक, हार्दिक, कमल, धैर्य, शौर्य, भविष्य, गुलशन, हिमांशु, लक्षित, प्रिन्स, रोहित, शोर्य, भव्य, मयंक गोल्ड मेडल प्राप्त किए ! और इसके अलावा यशिका, रोमिक, शुभम्, हितार्थ, सागर, दीपक, मयंक, गर्व, ने सिल्वर मेडल जीते !और इसके अलावा यशिका, रोमिक, शुभम्, हितार्थ, सागर, दीपक, मयंक, गर्व, ने सिल्वर मेडल जीते ! इसके अलावा प्रतीक,कनिष्क,सर्वेश, युग,अर्जुन,साहिल,अंगद ने ब्रोंज मेडल प्राप्त किया !

dc pess november 2026:Layout 1 29-10-2026 13:32 Page 7



















हमारे सहयोगी संरक्षक एवम् ब्यूरो प्रमुख
प्रधान सम्पादक – नरेन्द्र कुमार
सहयोगी संरक्षक
अनिल सेठी
सह कार्यकारी – संपादक दिनेश शर्मा
हमारे स्वतंत्र व सत्यापित रिपोर्टर

राजकुमार कश्यप	(दिल्ली)
मुकेश गुप्ता	(दिल्ली)
अशोक कुमार	(गुरुग्राम)
चंदन सिंह	(दिल्ली)
सुशील कुमार	(करनाल)
राम नरेश	(कुशीनगर)
सुहैल अहमद	(दिल्ली)
अभिषेक कुमार	(दिल्ली)
राज हुसैन	(कुशीनगर)
ध्रुव सेठी	(पंजाब)
विक्रमादित्य सिंह	(सीधी)
सावित्री सिंह	(सीधी)
निखिल सैनी	(मुजफ्फरनगर)
सत्येंद्र सैनी	(मुजफ्फरनगर)
रविकरन सिंह अलीगढ	(उ. प्र)

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक हैं।

समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री, लेख, रचनाओं, एवम् विज्ञापनों में लेखकों और विज्ञापन दाताओं के अपने विचार हैं। इसके लिए दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही मान्य होगा।

विशेष :- किसी भी परिस्थिति में निर्णय लेने का अधिकार केवल संपादक को है।

61/9 अशोक नगर दिल्ली - 110018
Customer Care No.
8744884766

ADVERTISMENT RATE TARIFF PLAN

FULL PAGE | HALF PAGE | QUARTER PAGE

FULL FRONT PAGE	₹ 1,20,000/-
FULL INNER PAGE	₹ 60,000/-
FULL BACK PAGE	₹ 90,000/-
HALF FRONT PAGE	₹ 66,000/-
HALF PAGE INNER	₹ 36,000/-
HALF PAGE BACK	₹ 51,000/-
QTR. PAGE FRONT	₹ 36,000/-
QTR. PAGE INNER	₹ 21,000/-
QTR. PAGE BACK	₹ 30,000/-

Classifieds Ads. Per Column / 3 CM. Rs.2100/-
Visiting Card Size Advertisements:
Front Page Rs. 6000/- Back Page Rs. 4500/-
Inner Page Rs.3000/-

dc pess november 2026:Layout 1 29-10-2026 13:32 Page 8



"अनुभव, वैज्ञानिक सोच, आधुनिक तकनीक और समर्पित टीमवर्क-इन्हीं मूल्यों के साथ डॉ. विवेक अग्रवाल एवं महाराजा अग्रसेन अस्पताल की टीम जटिल से जटिल एंडोक्राइन सर्जरियों को सफलतापूर्वक अंजाम देकर मरीजों को नया जीवन देने का कार्य निरंतर कर रही है।"

डॉ. विवेक अग्रवाल ने कहा : "डायबिटीज में पैरों का छोटा-सा घाव भी गंभीर हो सकता है। समय पर जाँच, सही देखभाल और उचित इलाज से पैर को बचाया जा सकता है।"अस्पताल प्रबंधन एवं ट्रस्ट का संदेश महाराजा अग्रसेन अस्पताल के प्रबंधन एवं ट्रस्ट ने इस जटिल एवं उच्च जोखिम वाली सर्जरी की सफलता पर डॉ. विवेक अग्रवाल एवं उनकी पूरी सर्जिकल टीम को बधाई देते हुए कहा कि अस्पताल का उद्देश्य प्रत्येक मरीज को विश्वस्तरीय, सुरक्षित एवं साक्ष्य-आधारित चिकित्सा उपलब्ध कराना है। प्रबंधन ने कहा कि डॉ. विवेक अग्रवाल के नेतृत्व में एंडोक्राइन सर्जरी विभाग लगातार जटिल एवं दुर्लभ रोगों का आधुनिक तकनीकों से सफल उपचार कर रहा है, जिससे मरीजों को महानगरों के अग्रणी चिकित्सा केन्द्रों के समान उच्च स्तरीय सेवाएं प्राप्त हो रही हैं। सर्जिकल टीम मुख्य शल्य चिकित्सकःडॉ. विवेक अग्रवाल,सहायक शल्य चिकित्सकः **डॉ. निमिष गुप्ता,डॉ. यशिता अग्रवाल**




मुख्य शल्य चिकित्सक : डॉ. विवेक अग्रवाल

डायबिटीज में पैरों का छोटा-सा घाव भी गंभीर हो सकता है। समय पर जाँच, सही देखभाल जरुरी







जन धन संग्रह को-ऑपरेटिव सोसाइटी की वार्षिक आम सभा संपन्न, AGM में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान



वार्षिक आम सभा में प्रतिभाशाली कर्मचारियों को ट्रॉफी देकर किया गया सम्मानित जन धन संग्रह को-ऑपरेटिव थ्रिफ्ट एंड क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड की वार्षिक आम सभा (AGM) के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों एवं सदस्यों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों का उत्साहवर्धन करना, उनके योगदान की सराहना करना तथा संस्था की प्रगति और बेहतर कार्यप्रणाली को प्रोत्साहित करना रहा। इस अवसर पर सम्मानित प्रतिभागियों ने संस्था के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम ने सभी कर्मचारियों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

DELHI CRIME PRESS की सदस्यता के लाभ

इच्छुक व्यक्ति समाचार पत्र की आजीवन सदस्यता प्राप्त करने के लिए संपर्क कर सकते हैं।
सदस्यता लेने के बाद मिलने वाले फायदे।
प्रभावशाली गौरवशाली राष्ट्रीय सेवा को समर्पित रोजगार।
निशुल्क विज्ञापन (एक विजिटिंग कार्ड साइज)।
सदस्यता पहचान पत्र व पेन।
दिल्ली क्राइम भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा के स्टीकर (कार व बाइक के लिए)।
अपने क्षेत्र में अपने राज्य में राष्ट्रीय स्तर पर किसी भी प्रकार की समस्या पर लेख समाचार पत्र में प्रकाशित करवाने का सुअवसर।
दिल्ली जर्नलिज्म एंड इन्वेस्टिगेशन रिसर्च इंस्टीट्यूट (पत्रकारिता प्रशिक्षण संस्थान) से प्रशिक्षण प्राप्त कर पत्रकार बनने का सुअवसर

स्वामी, प्रकाशक एवम मुद्रक इंद्रा द्वारा रॉयल ऑफसेट, 489 एफ.आई.ई, पटपड़गंज इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली - 110092 से मुद्रित कराकर एम 64, हरी नगर, नई दिल्ली -110064 से प्रकाशित किया गया। संपादक : इंद्रा
Customer Care No. 8744884766, For News & Advertisement 8744882188, Email- info@delhicrimepress.in, website - delhicrimepress.in